# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM -1 EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**

Class: VII — Duration : 3.00 Hrs
Date : 10.09.2025 — Max. Marks: 80
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूपम् - भाग 'क' : अपठित गद्यांश 14 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण 17 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक 24 अङ्क
भाग 'घ' : लेखन- कौशल 25 अङ्क

---

## खंड क (अपठित बोध )

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

प्राचीन काल में एक धौम्य ऋषि थे। वे जंगल में तपस्या करते तथा शिष्यों को शिक्षा भी देते थे। धौम्य ऋषि स्वयं भी परिश्रमी थे और अपने शिष्यों से भी खूब परिश्रम कराते थे।शिष्य अपने गुरु की हर आज्ञा का पालन करते थे।एक दिन मूसलाधार बारिश हो रही थी | गुरूजी अपने शिष्य आरुणि से कहा - " जाकर खेत की मेड़ बाँध दो ताकि वर्षा का पानी खेत से बाहर न निकलने पाए | आरुणि तुरंत खेत पर गया | खेत में पानी भरा था | मेड़ नीची होने के कारण पानी बाहर निकल रहा था | उसने बहुत मिट्टी डाली पर पानी का प्रवाह इतना तेज था कि मिट्टी पानी के साथ बह रही थी |

कुछ सोचने के बाद आरुणि मेड़ पर लेट गया | पानी बहना रुक गया | वह वहीं लेटा रहा | संध्या समय जब सभी छात्र गुरु को प्रणाम करने आए तो उन्हें आरुणि दिखाई नहीं दिया | गुरूजी उसे ढूंढ़ते हुए खेत पर गए | वहाँ जाकर देखा की वह मेड़ बनाकर पानी रोके हुए है | गुरूजी ने उसे उठाया और गले से लगा लिया |

(i) प्रस्तुत गद्यांश में ऋषि का क्या नाम है? [1]
(a) कपिल (b) कणाद (c) गौतम (d) धौम्य

(ii) ऋषि जंगल में क्या करते थे? [1]
(a) जानवरों की रक्षा (b) पेड़ लगाना (c) राक्षसों का वध (d) तपस्या

(iii) गुरु जी आरुणि को ढूँढ़ते हुए कहाँ गए? [1]
(a) नदी (b) गाँव (c) खेत (d) शहर

(iv) गुरूजी ने आरुणि को खेत में क्यों भेजा ? [2]

(v) आरुणि मेड़ पर क्यों लेट गया? [2]

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

चाँदपुर इलाके के राजा कुँवरसिंह जी बड़े अमीर थे। उन्हें किसी चीज़ की कमी नहीं थी, फिर भी उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं था। बीमारी के मारे वे सदा परेशान रहते थे। कई वैद्यों ने उनका इलाज किया, लेकिन उनको कुछ फ़ायदा नहीं हुआ। राजा की बीमारी बढ़ती गई। सारे नगर में यह बात फैल गई। तब एक बूढ़े ने राजा के पास आकर कहा, ''महाराज, आपकी बीमारी का इलाज करने की मुझे आज्ञा दीजिए।'' राजा से अनुमति पाकर वह बोला, ''आप किसी सुखी मनुष्य का कुरता पहनिए, अवश्य स्वस्थ हो जाएँगे।'' बूढ़े की बात सुनकर सभी दरबारी हँसने लगे, लेकिन राजा ने सोचा, ''इतने इलाज किए हैं तो एक और सही।'' राजा के सेवकों ने सुखी मनुष्य की बहुत खोज की, लेकिन उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य नहीं मिला। सभी लोगों को किसी न किसी बात का दुख था।

अब राजा स्वयं सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़े। बहुत तलाश के बाद वे एक खेत में जा पहुँचे। जेठ की धूप में एक किसान अपने काम में लगा हुआ था। राजा ने उससे पूछा, ''क्यों जी, तुम सुखी हो?'' किसान की आँखें चमक उठी, चेहरा मुस्करा उठा। वह बोला, ''ईश्वर की कृपा से मुझे कोई दुख नहीं है।'' यह सुनकर राजा का अंग-अंग मुस्करा उठा। उस किसान का कुरता माँगने के लिए ज्यों ही उन्होंने उसके शरीर की ओर देखा, उन्हें मालूम हुआ कि किसान सिर्फ़ धोती पहने हुए है और उसकी सारी देह पसीने से तर है। राजा समझ गया कि श्रम करने के कारण ही यह किसान सच्चा सुखी है। उन्होंने आराम-चैन छोड़कर परिश्रम करने का संकल्प किया।

थोड़े ही दिनों में राजा की बीमारी दूर हो गई।

(i) कुँवर सिंह कहाँ के राजा थे? [1]

(a) चंदनपुर (b) चाँदपुर (c) दौलतपुर (d) सभापुर

(ii) राजा कुँवर सिंह किस समस्या से परेशान थे? [1]

(a) दुश्मनों से (b) बाढ़ से (c) भूकंप से (d) बीमारी से

(iii) राजा ने सुखी मनुष्य के रूप में किसे ढूँढ़ा? [1]

(a) डॉक्टर (b) वकील (c) व्यापारी (d) किसान

(iv) राजा ने किसान से क्या कहा और उन्हें कुरता क्यों नहीं मिला? [2]

(v) राजा को कौन-सी बात समझ में आ गई? [2]

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.3 भाषा और वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई दो ) [2]

(i) भाषा के कितने प्रकार हैं?

(ii) हिंदी भाषा की लिपि का नाम बताइए |

(iii) वर्ण किसे कहते हैं?

प्रश्न.4 संज्ञा , सर्वनाम और विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (कोई तीन) [3]

(i) संज्ञा के कितने भेद हैं?

(ii) वहाँ कौन खड़ा है? (इस वाक्य में सर्वनाम शब्द का भेद बताइए )

(iii) माँ ने बाज़ार से दो किलो आम खरीदे | (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए )

(iv) विशेषण के कितने प्रकार हैं?

प्रश्न.5 विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो ) [2]

(i) आदर का विलोम शब्द लिखिए

(ii) अर्थ का विलोम शब्द लिखिए

(iii) अतिथि शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए |

(iv) कमल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

प्रश्न.6 कारक पर आधारित प्रश्नो के उत्तर लिखिए :- (कोई दो ) [2]

(i) छत से पानी टपकता है | इस वाक्य में कौन सा कारक है?

(ii) माँ अपने बेटे ------- बुला रही है | (सही कारक -चिह्न से खाली स्थान भरिए)

(iii) मैंने अध्यापिका के लिए कार्ड बनाया | ( इस वाक्य में कारक चिह्न बताइए )

प्रश्न.7 विराम चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो ) [1]

(i) ओह ये तो बुरा हुआ | (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

(ii) मुझे पढ़ने का शौक है (सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए)

(iii) (?) - इस विराम चिह्न का नाम बताइए |

प्रश्न.8 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- :- (कोई दो ) [2]

(i) 'आ' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए |

(ii) 'ता' प्रत्यय से से एक शब्द बनाइए |

(iii) 'अभिमानी' शब्द में मूल शब्द, उपसर्ग और प्रत्यय बताइए |

प्रश्न.9 क्रिया और काल पर आधारित प्रश्नों उत्तर दीजिए :- (कोई दो ) [2]

(i) कर्म आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं?

(ii) काल के कितने प्रकार हैं? नाम लिखिए |

(iii) हम लोग पिकनिक मनाने जायेगे | (वाक्य को भूतकाल में बदलिए )

प्रश्न.10 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो ) [2]

(i) दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - कवि , अध्यापक

(ii) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए -टोपी , नदी

(iii) हिंदी में वचन के कितने प्रकार हैं ?

प्रश्न.11 दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:- [1]

(i) जहाँ जाना सरल हो - (ii) जो ईश्वर को न मानता हो -

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

प्रश्न.12 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

मेरे गुरु जी रिटायर होने वाले थे। वे अकसर हमसे कहते, "अरे। तुम्हारे बाप-दादाओं को भी मैंने पढ़ाया है। अब बहुत हो गया। अब तुम्हें पढ़ाने शहर से कोई नए 'मास्टर साहब' आएँगे। तब तुम्हें पता चलेगा कि मास्टर कैसे होते हैं!"

हमें लगा कि गुरु जी यूँ ही मजाक कर रहे हैं। 'रिटायर' शब्द हमारे शब्दकोश में जो नहीं था। फिर वही हुआ, जो गुरु जी ने कहा था। एक दिन अचानक मैंने सुना कि नए मास्टर जी आ गए हैं। राम रतनसिंह राव। इतना लंबा नाम भी किसी का हो सकता है। मैं चौंक पड़ा था। नए मास्टर साहब गुरु जी के यहाँ ठहरे हैं। यह सुनते ही मैं दौड़कर गुरु जी के घर जा पहुँचा। ताजवीर मुझसे पहले वहाँ खड़ा मुसकरा रहा था। वह नए मास्टर साहब को पानी पिला रहा था। मुझे ताजवीर का मुझसे पहले वहाँ पहुँचना अच्छा नहीं लगा।

(i) प्रस्तुत पक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(a) नीलू (b) पंच परमेश्वर

(c) खुशबू आज भी याद है (d) परीक्षा

(ii) विद्यालय से कौन रिटायर हो रहा था?

(a) ताजवीर (b) मास्टर साहब

(c) गुरूजी (d) मनोहर चमोली

(iii) मास्टर साहब का क्या नाम था

(a) इंद्रजीत सिंह (b) भारत सिंह

(c) राम रतनसिंह (d) आलोक कुमार

(iv) लेखक को आज भी किसकी खुशबू याद है?

(a) भात की (b) दाल की

(c) पिज्जा की (d) देशी घी की

(v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) गुरु छात्रों को शिक्षा देते थे |

कारण (R) हमें गुरुओं को सम्मान देना चाहिए |

(a) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [4]

(i) बुद्धि ने गड़रिए का साथ कब छोड़ा?

(ii) अंत में भाग्य ने बुद्धि के सामने अपनी हार क्यों स्वीकार की?

(iii) दोनों दोस्तों के बीच पत्र व्यवहार लंबा क्यों नहीं चला?

प्रश्न.14 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) [3]

(i) किस बात से पता चलता है कि नीलू एक स्वाभिमानी कुत्ता था?

(ii) यदि आप जिमी की जगह होते , तो क्या करते ?

प्रश्न.15 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

भूल गए अपनी सुख सुविधा भूल भूख और प्यास
अविचल जमे रहे सीमा पर निसि दिन, बारहमास |
आँच न आने दी देश पर है साक्षी इतिहास
जाड़ा , गरमी , धूप , शीत हँस -हँसकर सहन करें |
उनको नमन करें आओ ! हम उनका नमन करें |

(i) कौन अपनी सुख-सुविधा और भूख- प्यास भूल गए हैं?

(a) अभिनेता (b) कवि
(c) सैनिक (d) गायक

(ii) इस कविता का नाम क्या है?

(a) देशप्रेम (b) उनको नमन करे
(c) पेड़ (d) साखी

(iii) 'अविचल' का क्या अर्थ है?

(a) फूल (b) भाग्य
(c) देवता (d) स्थिर

(iv) कविता में कौन- सा भाव है?

(a) पराक्रम का (b) डर का
(c) सुख का (d) दुःख का

(v) निम्नलिखित कथन (A) और कारण (B) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। फिर नीचे दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) सैनिक का जीवन बहुत कठिन होता है |
कारण (R) सैनिक दिन -रात सीमा पर खड़े रहते हैं |

(a) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।
(b) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(c) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो) [4]

(i) सैनिकों को ढाल और काल क्यों कहा जाता है?

(ii) एक पेड़ कब सार्थक हो उठता है?

(iii) किसान ने कहाँ पौधे रोपे और क्यों ?

प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक) [3]

(i) वृक्षों होने से होने वाले कोई तीन लाभ बताइए |

(ii) आप सैनिक न होकर भी देश की सेवा कैसे कर सकते हैं ?

## (लेखन-कौशल)

प्रश्न.18 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- [5]

(i) मेरा प्रिय देश (ii) जल ही जीवन है (iii) योग के फायदे

प्रश्न.19 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या पत्र लिखिए:- [5]

(i) मोबाइल फ़ोन (ii) दंत मंजन (टूथपेस्ट )

प्रश्न.20 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :- [5]

(i) अपने जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए |

(ii) आपकी कॉलोनी में फ़ैली हुई गंदगी को दूर करने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए|

प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 शब्दों संवाद लिखिए :- [5]

(i) मॉल जाने के लिए पुत्र और पिता के बीच संवाद

(ii) डॉक्टर और रोगी के बीच संवाद

प्रश्न.22 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए | [5]




================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ ====================